तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 29 जून 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4
शाला प्रबंधन समिति से नेताओं की छुट्टी, अब संभालेंगे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# रानीदाह में मिल रहा प्राकृतिक दृश्यों और सुंदर झरनों का आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अलग खबर

जिले की हरी-भरी पहाड़ियों और घने साल के जंगलों के बीच स्थित रानीदाह जलप्रपात जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता का एक अद्भुत प्रतीक है। यह झरना जशपुर नगर से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

ख़ूबसूरत सड़कों से होकर जब कोई इस स्थल तक पहुंचता है, तो सामने फैली हरियाली, चट्टानों से गिरता दूधिया जल और पक्षियों की आवाज़ें मिलकर एक अविस्मरणीय दृश्य प्रस्तुत करती हैं। बरसात के मौसम में रानीदाह अपने पूरे वैभव पर होती है, जब पानी कई धाराओं में बँटकर ऊँची चट्टानों से नीचे गिरता है। गर्मी के मौसम में जल प्रवाह भले थोड़ा कम हो जाए, लेकिन आसपास की प्राकृतिक शांति और वातावरण का सौंदर्य हमेशा समान रूप से मनमोहक रहता है। रानीदाह जलप्रपात केवल प्राकृतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि अपनी लोककथाओं और रहस्यमयी कहानियों के कारण भी प्रसिद्ध है। कहा जाता है कि बहुत समय पहले ओडिशा की एक राजकुमारी, रानी शिरोमणि जशपुर की इन पहाड़ियों में आ पहुंची थीं। जब उसके पिता और पांच भाई उनका पीछा करते हुए यहां पहुंचे, तो रानी ने अपमान और जबरन विवाह से बचने के लिए इसी गहरी खाई में छलांग लगा दी और अपने प्राण त्याग दिए।

उसी समय से यह झरना "रानीदाह" के नाम से जाना जाने लगा, जिसका अर्थ है "रानी का जलप्रपात।" कहा जाता है कि झरने के पास स्थित कुछ चट्टानें "पांच भैया" के नाम से जानी जाती हैं, जो रानी के भाइयों के प्रतीक माने जाते हैं। यह कथा आज भी स्थानीय लोगों के बीच पीढ़ी दर पीढ़ी सुनाई जाती है और इस स्थल को एक रहस्यमयी और भावनात्मक पहचान देती है।

## बाहरी पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केंद्र





- पहाड़ियों व साल जंगलों के बीच स्थित है अद्भुत जलप्रपात

## खबर संक्षेप

### 6वीं के चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु आयोजित प्रावचयन परीक्षा 1 मार्च 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। उक्त परीक्षा के आधार पर मेरिट सूची राज्य कार्यालय द्वारा 22 जून 2026 को जारी की गई है। चयनित विद्यार्थियों की मेरिट सूची विभागीय वेबसाइट मासंअल.बह.दपब.पद पर देखी जा सकती है। चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 30 जून से 4 जुलाई तक जिले में संचालित 6 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में निर्धारित तिथियों में प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक की जाएगी।

### पहाड़ी कोरवा बस्ती में गूंजी मोदी के मन की बात

**जशपुरनगर।** बगीचा मंडल के शाहिडांड शक्ति केंद्र अंतर्गत बूथ क्रमांक 23 स्थित पंडरीपानी की पहाड़ी कोरवा बस्ती रविवार को राष्ट्रभावना और जनभागीदारी के संदेश से सराबोर रही। जनपद पंचायत बगीचा के उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने पहाड़ी कोरवा समाज के ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया। अरविंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पहाड़ी कोरवा जैसी विशेष पिछड़ी जनजातियों का सम्मान, सशक्तिकरण और समग्र विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** लोदाम थाना क्षेत्र के आने वाले एक गांव में घर के




घुसकर 34 वर्षीय महिला के साथ अश्लील हरकत व छेड़छाड़ करने वाले 42 वर्षीय ढाबा संचालक को लोदाम पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड जेल भेज दिया है जानकारी।के अनुसार 26 जून को थाना लोदाम क्षेत्र के एक ग्राम की 34 वर्षीय पीड़ित प्रार्थिया ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 जून की सुबह करीबन 8 से 9 बजे के मध्य वह घर में अकेली थी, उसी दौरान लोदाम क्षेत्रांतर्गत ही एक ढाबे का संचालक आरोपी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला सरदार, उम्र 42 वर्ष, पीड़िता को घर में अकेली जानकर, घर में घुस आया, व गलत नियत से प्रार्थिया के साथ छेड़ छाड़ करते हुए अश्लील हरकत करने लगा, पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी के द्वारा, पीड़िता को इसके समुदाय विशेष का नाम लेते हुए उसके पति को छोड़कर अपने साथ पत्नी बनाकर रखने की बात करते हुए जबरदस्ती करने का प्रयास किया जा रहा था। पीड़िता की रिपोर्ट पर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल थाना लोदाम में आरोपी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला सरदार, उम्र 42 वर्ष के विरुद्ध बी एन एस की धारा 74,331(3),296 व 3(1)(ब),3(2)V (क) एस टी/एस सी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी मंजीत सिंह उर्फ बिल्ला सरदार, उम्र 42 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## विधायक भगत ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

# जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय जशपुर से किया गया। विधायक रायमुनी भगत ने नवजात बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे का स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ष्एक भी बच्चा छूटा, सुरक्षा चक्र टूटा के संदेश को ध्यान में रखते हुए 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।



कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस. जात्रा, सिविल सर्जन डॉ. कपिल कश्यप, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, बीईटीओ मनीषा कुजूर, एएनएम अरुणा सिंह, जिला वैक्सीन मैनेजर एस.एल. सारथी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन, प्रभावी सुपरविजन एवं सतत मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के साथ पंचायत, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, परिवहन तथा विद्युत विभाग को समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी.एस. जात्रा ने बताया कि जिले की भौगोलिक परिस्थितियों एवं क्षेत्रीय आवश्यकता को देखते हुए इस वर्ष पोलियो बूथों की संख्या बढ़ाई गई है। जिले में कुल 1,205 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 1,15,726 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### 192 केंद्रों पर चल रहा अभियान



**पत्थलगांव।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को पत्थलगांव सिविल अस्पताल में ₹दो बूंद जिंदगी की₹ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंकित बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अजय बंसल, एल्डरमैन हरजीत भाटिया, अवधेश गुप्ता, सुनील अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ. मिंज ने बताया कि पूरे पत्थलगांव विकासखंड में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 192 पोलियो केंद्र बनाए गए हैं। इस अभियान के तहत लगभग 26 हजार बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए 41 सुपरवाइजर एवं 768 स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में आठ पोलियो केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है। अभियान के दौरान अभिभावकों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में माता-पिता अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए केंद्रों पर पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त भारत का संकल्प मजबूत हो सके।

### बगीचा स्वास्थ्य केंद्र में प्लस पोलियो अभियान का शुभारंभ

**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने नन्हे बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर की। इस अवसर पर उपस्थित नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त समाज के लक्ष्य को साकार किया जा सके। कार्यक्रम में राजीव रंजन मिश्रा, डॉ. सुनील लकड़ा, सुभाषचंद शर्मा, तुलेश्वर यादव एवं दिनेश्वर पैंकरा,देवसाय राम भगत बीटीओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।



# धोखाधड़ी कर जमीन बेचने मामला, तीन पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बागीचा थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज तैयार कर न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए पहले से विक्रय की जा चुकी भूमि को दोबारा बेचने के गंभीर मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

- आरोपियों के खिलाफ तहसीलदार ने कराया मामला दर्ज
- सुशासन तिहार में पीड़ित पक्ष को मिला न्याय

प्रकरण की शिकायत अतिरिक्त तहसीलदार उषा सिंह ने थाना बागीचा में दर्ज कराई। शिकायत में ग्राम रायकेरा निवासी लीलाधर, बंशीधर एवं परमानंद पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने वरिष्ठ न्यायालयों के आदेशों की अवहेलना करते हुए तथ्यों को छिपाया, राजस्व अभिलेखों में कूटरचना की और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर न्यायालय को गुमराह कर पहले से विक्रय भूमि का दोबारा विक्रय कर दिया। जांच के अनुसार ग्राम रायकेरा स्थित खसरा नंबर 49/4 की 0.250 हेक्टेयर भूमि बंशीधर ने 28 जून 2010 को विधिवत पंजीकृत विक्रय पत्र के ⏭ शेष पेज 4 पर

### बेटे के नाम कर दी दोबारा रजिस्ट्री

राजस्व रिकॉर्ड में भूमि अपने नाम दर्ज कराने के बाद आरोपियों ने कथित रूप से उसी भूमि को दोबारा बंशीधर के पुत्र परमानंद के नाम विक्रय कर दिया। जांच में इसे न्यायालय के आदेशों की अवहेलना, कूटरचना, धोखाधड़ी और राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी का मामला माना गया है।

### सुशासन शिविर में शिकायत

पीड़ित पक्ष विवेक अग्रवाल एवं भगवानों राम यादव ने 30 मई 2025 को सुशासन तिहार शिविर, टटकेला में आवेदन देकर न्याय की मांग की थी। इसके बाद तहसील कार्यालय बागीचा में विस्तृत जांच की गई, जिसमें पूरे मामले का खुलासा हुआ। जांच रिपोर्ट के आधार पर अतिरिक्त तहसीलदार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। बागीचा थाना में आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (2), 336, 338, 339 एवं 61 (2) (ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पीड़ित पक्ष ने सुशासन तिहार में आवेदन देकर शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाया था। न्याय मिलते ही पीड़ित विवेक अग्रवाल और भगवानों यादव ने सीएम साय और जिला प्रशासन का आभार जताया है।

## प्राथमिक शाला अमलीटिकरा में मना शाला प्रवेश उत्सव




**पत्थलगांव।** किलकिला संकुल के अमलीटिकरा प्राथमिक स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। स्कूली बच्चों को टीका लगाकर फूलों से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच मायावती लकड़ा थी। इस मौके पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, प्रधान पाठक रत्नाकर खूंटियां, सहायक शिक्षक महेंद्र कुमार यादव, संकुल समन्वयक ओमप्रकाश कुरे सहित विद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सूने मकान का ताला तोड़कर टीवी व दस्तावेज की चोरी

**सीतापुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत वासुदेव सिदार बीते दिनों विकासखंड मैनपाट में स्थित अपने गृहग्राम राजापुर गए हुए थे। इसी दरम्यान चोरों ने सूने घर का दरवाजा तोड़कर घर मे लगा एलईडी टीवी पार कर दिया। इसके साथ चोरों ने घर मे रखा महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अपने साथ ले गए। जिसमे वासुदेव सिदार समेत उनकी तीनों बेटियों की अंकसूची आय जाती निवास प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजात संभालकर रखे हुए थे। अगले दिन वासुदेव सिदार गांव से वापस अपने घर शासकीय क्वार्टर पहूंचे तो देखा कि दरवाजा टूटा हुआ है।

# लाखों की हाईमास्ट लाइट अंधेरे में गुम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

अंधेरे को उजाले में बदलने के लिए लाखों रुपये खर्च कर लगाई गई सौर ऊर्जा चलित हाईमास्ट लाइट खुद बदहाली का शिकार होकर शोपीस बन चुकी हैं। रखरखाव के अभाव और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता ने इन महत्वाकांक्षी योजनाओं की चमक फीकी कर दी है। नगर के कई स्थानों पर स्थापित हाईमास्ट लाइटें वर्षों से बंद पड़ी हैं और अब सिर्फ सरकारी लापरवाही की मूक गवाह बनकर खड़ी हैं।

- 'रोशनी' का सपना बना शोपीस
- पुलिस थाना के सामने दुर्गा चौक रोशनी को तरस रही



नगर के हृदय स्थल पुलिस थाना के सामने स्थित मां दुर्गा चौक पर लगी हाईमास्ट लाइट इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कभी शाम ढलते ही जिसकी रोशनी से पूरा चौक जगमगा उठता था, आज वही हाईमास्ट लाइट अपनी आखिरी सांसें गिनती नजर आ रही है। शुरुआती दिनों में कुछ समय तक रोशनी बिखेरने वाली यह लाइट अब पूरी तरह बंद पड़ी है, जिससे आसपास का इलाका अंधेरे में डूबा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपये की लागत से लगाए गए इन हाईमास्ट पोलों का समय-समय पर रखरखाव नहीं किया गया। नतीजा यह हुआ कि मामूली खराबियां भी बड़ी समस्या बन गईं और पूरी व्यवस्था ठप हो गई। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कागजों में योजनाओं को सफल बताने में व्यस्त हैं, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इन बंद पड़ी हाईमास्ट लाइटों में फिर से रोशनी लौटाएगा, या फिर लाखों रुपये की यह सरकारी योजना यूं ही जंग खाकर जनता को मुंह चिढ़ाती रहेगी? नगरवासी अब जवाब के साथ-साथ उजाले का भी इंतजार कर रहे हैं।

## पदोन्नत व सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

# विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों का विकास करना शिक्षक का दायित्व

**पत्थलगांव।** संकुल गाला एवं डूडुगजोर के संयुक्त तत्वावधान में पदोन्नत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले सेवानिवृत्त प्रधान पाठक श्रीराम भगत, जानकी प्रसाद कंवर, जयकरण सिंह राठिया एवं पदोन्नत शिक्षिका आयलिन खाखा का विदाई एवं सम्मान किया गया।




समारोह में विकासखंड स्रोत समन्वयक जगन्नाथ पाढ़ी, रघुनाथपुर के सीएसी मुकेश यादव सहित संकुल गाला एवं डूडुगजोर के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के दीर्घ शिक्षकीय योगदान को स्मरण करते हुए उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने शिक्षकीय जीवन के विविध अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि एक शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूर्ण करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन, नैतिकता एवं जीवन मूल्यों का विकास करना भी है। उन्होंने वर्तमान समय की शैक्षणिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए सभी शिक्षकों से नवाचार, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का आह्वान किया। अंत में सभी शिक्षकों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के दीर्घ, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए उनके अमूल्य योगदान को नमन किया तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

### शिक्षकों का अनुभव अमूल्य धरोहर

मुख्य अतिथि विकासखंड स्रोत समन्वयक जगन्नाथ पाढ़ी ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों का अनुभव शिक्षा विभाग की अमूल्य धरोहर है। उनके अनुभवों से प्रेरणा लेकर वर्तमान शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है, जब सभी शिक्षक सामूहिक भावना, जिम्मेदारी एवं पूर्ण सहभागिता के साथ कार्य करें। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नवाचार आधारित शिक्षण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष बल दिया।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### बस्तर आम महोत्सव में कृषक राजेंद्र प्रसाद हुए सम्मानित

**अम्बिकापुर।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय बस्तर आम महोत्सव में सूरजपुर जिले के ग्राम कमलपुर निवासी प्रगतिशील कृषक राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के खेत में उत्पादित आम की विदेशी किस्म मियाजाकी तथा उन्नत किस्म गुलाबखास का प्रदर्शन उद्यानिकी महाविद्यालय सिलफिली द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से लाई गई आम की अनेक उत्कृष्ट किस्मों के मध्य श्री गुप्ता की विदेशी किस्म मियाजाकी एवं गुलाबखास को प्रथम पुरस्कार तथा क्षेत्रीय किस्म दशहरी को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। श्री गुप्ता के बागान में विदेशी किस्म मियाजाकी के पौधे अच्छी फलत अवस्था में है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस किस्म के आम का मूल्य लगभग 2.5 से 3.0 लाख रूपये प्रति किलो तक है। इस उपलब्धि पर महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के निदेशक तथा अधिष्ठाता डॉ.रविन्द्र तिग्गा द्वारा श्री गुप्ता को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें सहजन के उत्कृष्ट पौधे भेंट किए गए।

### पहाड़ी कोरवा परिवारों को रेनकोट, छतरी का वितरण



**अम्बिकापुर।** जीईएल चर्च युवा संघ ने विकासखण्ड बतौली अंतर्गत ग्राम करदना के घंटाडीह में सामाजिक सरोकार और मानवता की सेवा के तहत सरपंच धनेश्वरी की उपस्थिति में जरूरतमंद पहाड़ी कोरवा परिवारों को रेनकोट व छतरी वितरित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हवलेश टोप्पो ने कहा कि हमारा मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है जिसे वास्तव में मदद की आवश्यकता है। पहाड़ी कोरवा परिवारों को बारिश और बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यह छोटा प्रयास किया गया है। युवा संघ हमेशा मानवता की सेवा और सामाजिक उत्थान के लिए तत्पर रहेगा। सरपंच धनेश्वरी ने युवा संघ के प्रयासों की सराहना की तथा कहा कि पहाड़ी कोरवा परिवारों को इन सामग्रियों की सख्त जरूरत थी। इस दौरान ओहमस मिंज, धरमपाल केरकेट्टा, ईश्वर कुजूर, मनीष पन्ना, सिलास कुजूर, सुलवन मिंज, पीहु तिग्गा, प्रमोद पन्ना आदि उपस्थित थे।

### पूर्व उपसरपंच ने गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष के साथ की मारपीट, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत सतपता के पंचायत भवन में सूरजपुर कलेक्टर के निर्देशानुसार शुक्रवार, 26 जून को आयोजित ग्राम सभा की बैठक के दौरान सीसी रोड निर्माण के प्रस्ताव पर विवाद इतना बढ़ गया कि गाली-गलौज, जान से मारने की घमकी और मारपीट होने की स्थिति निर्मित हो गई, घटना को लेकर ग्रामवासियों में नाराजगी व्याप्त है। जानकारी के अनुसार,शासन के निर्देशानुसार ग्राम सभा में 19 बिंदुओं पर चर्चा की जानी थी। बैठक के दौरान ग्राम सचिव ने वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 के रहवासियों की प्रमुख समस्या सीसी सड़क निर्माण का मुद्दा रखा। बताया गया कि केबिनेट मंत्री की अनुशंसा पर सड़क निर्माण के लिए 5 लाख रुपये का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसे ग्राम सभा से अनुमोदित कराया जाना था। इसी दौरान ग्राम सभा में उपस्थित सतपता के पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव, उनके पुत्र तथा अन्य लोगों ने मौके पर सीसी सड़क निर्माण होने का विरोध किया। आरोप है कि ग्राम के विकास के हित में सड़क निर्माण का समर्थन कर रहे ग्रामीण विजय कुर्रे से उक्त पक्ष ने गाली-गलौज शुरू कर दी। घटना का बीच-बचाव करने व समझाने पहुंचे आरएसएस कार्यकर्ता सह गौ सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष विजय शर्मा से भी पूर्व उपसरपंच दुर्गा यादव, उनके पुत्र समेत अन्य साथियों ने गाली गलौच व मारपीट शुरू कर दी और विजय शर्मा का कुर्ता भी फाड़ दिया। मारपीट से आहत हुए विजय शर्मा को शरीर के कई हिस्से में चोटें आई हैं। मामले में प्रार्थी विजय शर्मा की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपित दुर्गा यादव एवं उसके पुत्र व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) के तहत आपराधिक मुकदमा दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## देर रात तक चला फातिहा खानी का सिलसिला

# सद्भावनापूर्वक मनाया गया मातमी पर्व मोहर्रम, निकली मातमी जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- जगह-जगह शरबत, पानी से किया गया स्वागत

मुस्लिम समाज का मातमी पर्व मोहर्रम सद्भावनापूर्वक मनाया गया। इस दौरान नगर में मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान समाज के लोगों ने करतब दिखाया। इसके साथ ही चौको पर फातिहाखानी की गई।

बता दें कि मुस्लिम समाज द्वारा मातमी पर्व मोहर्रम पिछले दस दिनों से मनाया जा रहा था। इस दौरान चौको पर फातिहा खानी का सिलसिला चलता रहा। इसके साथ ही लंगर का आयोजन किया गया। मोहर्रम की 8वीं, 9वीं और 10वीं मोहर्रम के जुलूस शहर में पूरी शांति, सौहार्द और भाईचारे के माहौल में सम्पन्न हुआ। दसवीं मोहर्रम पर समाज के लोगो ने रोजे रखने के साथ ही मिलाद किया। इसके साथ ही शाम को शहर के विभिन्न हिस्सों से जुलूस का आयोजन किया गया। जुलूस में ताजिया व अलम के साथ समाज के लोग शहर में निकले जो मोमिनपुरा चौक पर विशाल जुलूस में तब्दील हो गया। पहलाम के अवसर पर निकला जुलूस महामाया रोड, महामाया चौक होते हुए रात लगभग 11 बजे जयस्तंभ चौक पहुंचा। इसके बाद पैलेस चौक होते हुए सभी ताजिया और अलम के साथ जुलूस देर रात करबला पहुंचा जहां फातिहाखानी के बाद मोहर्रम का समापन किया गया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों का समाज के लोगों ने जगह जगह शरबत, पानी से स्वागत किया। इसके साथ ही लंगर का आयोजन किया गया। मोहर्रम जुलूस को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम द्वारा व्यापक पैमाने पर इंतजाम किए गए थे। मोहर्रम जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष इरशाद खान ने जिला, पुलिस प्रशासन और नगर निगम का आभार व्यक्त करने के साथ ही उन सभी अलमदारों का भी तहेदिल से शुक्रिया अदा किया जिन्होंने कमेटी की अपील और आपसी सहयोग की भावना को ध्यान में रखते हुए अपने अलम का आकार सीमित रखा और व्यवस्था बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होने कहा कि हम अम्बिकापुर की अमन पसंद और शांति प्रिय जनता का भी दिल से शुक्रिया अदा करते हैं, जिन्होंने हमेशा की तरह आपसी भाईचारे और सद्भाव की मिसाल पेश करते हुए हमारा सहयोग किया। यदि जुलूस के दौरान किसी नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा हुई हो तो मोहर्रम इंतजामिया कमेटी उसके लिए खेद व्यक्त करती है और भविष्य में भी आप सभी के सहयोग और मार्गदर्शन की उम्मीद रखती है। इस दौरान ननि सभापति शफी अहमद, पार्षद बाबर इदरीशी, निक्की खान, मोनू खान, परवेज आलम गांधी, मोहर्रम कमेटी के संयोजक मो. हसन खान, अध्यक्ष इरशाद खान, कार्यकारी अध्यक्ष मंजुल खान, सद्दाम खान, फैजान अहमद सहित अन्य मौजूद थे।





चौक पर दुआ मांगे समाज के लोग।

### बिश्रामपुर नगर में अकीदत के साथ मनाया गया मोहर्रम पर्व, शहीदों को किया गया याद



**बिश्रामपुर।** नगर में मोहर्रम का पर्व अकीदत और धार्मिक मान्यता के अनुसार मनाया गया,हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में नगर भर में ताजिए निकाल मातमी जुलूस आयोजित हुए। या हुसैन की सदाओं के बीच बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने मातम कर इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद किया। जुलूस के दौरान अखाड़ों ने पारंपरिक युद्ध कलाओं और हैरत अंग्रेज करतबों का प्रदर्शन किया गया, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पूरे आयोजन के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस की निगरानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। जुलुस में 5 मोहर्रम कमेटी ने हिस्सा लिया। सभी जुलूस अम्बेडकर चौक से मिलकर नगर होते हुए बस स्टेंड में समापन किया गया। जुलूस को सफल बनाने में सदर सलीम खान सेक्रेटरी एजाज अहमद जिम्मी, जलालुद्दीन, उस्मानिया, पप्पू कुरैशी, नौजवान कमेटी से जुल्फी सानू, इमरान, शाहबाज, परवेज, तबरेज, अयान कुरैशी, आमीन, दानिश, शीनू, शाहरुख, मोइन, अकबर व जयनगर कमेटी से कलाम, जावेद, शमीम पलिहा, जाहिद, अफजल, असलम खान, गुलाम मुस्तफा, इमरान, रिंकू, अयान व अन्य उपस्थित रहे।



# शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया मोहर्रम पर्व, निकाली गई ताजिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- लोगों ने जगह जगह किया स्वागत

लखनपुर नगर में मोहर्रम का पर्व श्रद्धा, आस्था और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में पारंपरिक ताजिया दुल्ला बाबा की सवारी जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए।

जुलूस में आकर्षक ताजियों के साथ बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। ताजिया जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों और चौक-चौराहों से होकर गुजरा। लोगों ने जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। शिवपुरी स्थित कर्बला पहुंचकर जुलूस का समापन हुआ और साथिया फातिहा खानही के बाद सिरनी बाटी गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी पूरी तरह मुस्तैद रहे। मोहर्रम का पर्व हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। यह पर्व सत्य, न्याय, त्याग और इंसानियत के मूल्यों का संदेश देता है। शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए इस जुलूस ने नगर में सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता की मिसाल पेश की। इस दौरान दुल्ला बाबा की सवारी भी निकली जहां बाबा ने नगर वासियों से मुलाकात की तथा उनके खुशियों और अमन चैन के लिए दुवाएं की। इस दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के युवा तथा वरिष्ठ मौजूद रहे। वहीं एक ओर जहां नगर के स्थानीय इमामबाड़े से ताजिया निकली तो दूसरी ओर जूनाडीह तथा राजकटेल में भी ताजिया निकाली गई। पूरे जुलूस के दौरान डीजे साउंड सिस्टम की भी व्यवस्था की गई थी। जिसके बाद लोगों का यह कारवां देर रात स्थानीय कर्बला पहुंचा जहां आगे की रस्म अदा की गई। इस दौरान सदर हाजी इदरीश खान, सेक्रेटरी नुसरत अली, शराफत अली, मोहर्रम कमेटी सदर गौहर अली, मकसूद हैदर मतीन खान, जानिसार अख्तर, इमरान अंसारी, शेरा खान, जियाउल खान, नादिर हुसैन सहित अन्य मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बालक की मौत, बाल-बाल बचा पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पिता के साथ छप्पर की मम्मत कर रहा था बालक, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

पिता के साथ कच्चे मकान के छप्पर को मरम्मत कर रहा बालक आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गया जिससे गंभीर रूप से झुलस गया वहीं पिता गाज की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। परिजन बालक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम फतेहपुर निवासी कृष्णव सिंह आ. विजय कुमार सिंह (13 वर्ष) शुक्रवार की दोपहर अपने कच्चे मकान के छप्पर को पिता के साथ मरम्मत कर रहा था। दोपहर में अचानक मौसम बदलने के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई तभी तेज गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली छप्पर पर गिर जिसके चपेट में आने से बालक गंभीर रूप से झुलस गया। गाज की चपेट में आने से बालक अचेत होकर घर के छप्पर से नीचे गिर गया वहीं पिता गाज की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। परिजन तत्काल बालक को निजी वाहन से शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम भाड़ी निवासी प्रभु राम आ. स्व. बागर साय (51 वर्ष) 23 जून को जब पत्नी बकरी चराने तथा परिवार के लोग अपने काम से बाहर गए थे तभी प्रभु राम ने शराब के नशे में कीटनाशक को पी लिया। दोपहर लगभग 2 बजे पत्नी बसंती बाई घर पहुंची तो कीटनाशक का गंध आने पर पति से पूछताछ की। पति ने कीटनाशक पी लेने की बात बताई तो पत्नी के होश उड़ गए। बसंती बाई ने तत्काल बेटा धरमजीत को बुलाई और बाइक से भैयाथान अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर सूरजपुर अस्पताल भेज दिया जहां ग्रामीण का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज तड़के ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में हो रहे विलंब के विरोध में गायत्री भूमिगत खदान में की गई गेट मीटिंग



**बिश्रामपुर।** नेशनल कोल वेज एग्रीमेंट (एनसीडब्ल्यूए)-12 के गठन में हो रही देरी को लेकर शुक्रवार को गायत्री भूमिगत खदान में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) से जुड़े पदाधिकारियों ने जनजागरण अभियान के तहत गेट मीटिंग आयोजित की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एनसीडब्ल्यूए-12 के गठन में लगातार हो रही देरी से कोयला श्रमिकों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने समयबद्ध तरीके से वेतन समझौता लागू करने और श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। गेट मीटिंग में संगठन के क्षेत्रीय समन्वयक एवं आईआर प्रभारी राजेश सिंह, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य अशोक सिंह, केंद्रीय मंत्री हेमंत कुमार, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य राजेंद्र प्रधान तथा केंद्रीय मंत्री रन साय सहित खदान के अनेक पदाधिकारी एवं श्रमिक उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन ने श्रमिकों से एकजुट रहने और एनसीडब्ल्यूए-12 के शीघ्र गठन के लिए चलाए जा रहे जनजागरण अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है।

# सेवा सेतु केंद्र बना संध्या के लिए सहारा वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान

**सूरजपुर।** राज्य शासन द्वारा डिजिटल सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाएं सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय परिसर में संचालित सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से छात्रा संध्या देवांगन को भी वर्षों पुरानी समस्या से राहत मिली है। संध्या ने बताया कि वर्ष 2017 में उनका आधार कार्ड गुम हो गया था। आधार में मोबाइल नंबर लिंक नहीं होने के कारण उन्हें नया आधार कार्ड प्राप्त करने में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। कई प्रयासों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। सेवा सेतु केंद्र पहुंचकर उन्होंने अपनी समस्या बताई, जिस पर केंद्र के कर्मचारियों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहायता प्रदान की गई। समुचित प्रक्रिया के माध्यम से उनकी समस्या का समाधान करते हुए उन्हें आधार कार्ड उपलब्ध कराया गया। उल्लेखनीय हैं कि सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से



नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। इससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है तथा सरकारी सेवाओं तक लोगों की पहुंच और अधिक सुगम हुई है। सेवा सेतु पोर्टल के अंतर्गत वर्तमान में 441 से अधिक शासकीय सेवाएं एकीकृत रूप से उपलब्ध हैं, जिनमें जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, राजस्व प्रकरणों से संबंधित सेवाएं, नाम परिवर्तन के लिए राजपत्र प्रकाशन सहित कई सेवाएं शामिल हैं।

# विधायक भूलन सिंह मरावी ने पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान किया वरिष्ठों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर



क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने नगर पंचायत में पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठों का सम्मान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण को सुदृढ़ बनाने के लिए पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम सभी जनप्रतिनिधियों एवं लोगों को पौधे लगाने का आह्वान किया है।

इसी अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने अपने सभी मंडलों में जाकर वरिष्ठ के निवास में एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाकर साल श्रीफल देकर सम्मानित किया है। क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने अपने घर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बातों को मानते हुए एक पेड़ मां के नाम पौधे लगाए और दूसरों को भी लगाने के लिए प्रेरित करे। पौधारोपण कार्यक्रम में मंडल प्रभारी संदीप अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मिथिला बंजारा, अजजा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शिवनंदन सिंह मरावी, नगर पंचायत के पार्षद वीरेंद्र जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष कंचन श्याम मंडल, जनपद महामंत्री महेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष पूनिया राजवाड़े, देवधर साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदीप साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामनारायण तंवर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश साहू उपस्थित रहे।

# शराब के नशे में विवाद, पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम



शराब पीने के बाद पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पत्नी ने न सिर्फ पति पर हमला किया बल्कि देर रात पति को डंड़े व पत्थर से जानलेवा हमला कर दी। परिजन घायल पति को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

बतौली थाना अंतर्गत ग्राम कदनई लोटाभावना निवासी नेतराम मझवार आ. मतरूम मझवार (50 वर्ष) शुक्रवार की रात लगभग 1 बजे पत्नी मानकुंवर मझवार (45 वर्ष) के साथ शराब पी रहे थे। शराब के नशे में दोनों में विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि पत्नी ने नशे में धुत पति को पहले डंडे से मारा फिर पत्थल से वार कर कर घर में ही सो गई। इधर सुबह घटना की जानकारी लगने पर पुत्र बंधन ने पिता को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली लेकर गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बंधन ने बताया कि माता पिता अक्सर शराब पी कर लड़ाई झगड़ा करते थे लेकिन दोनों में इतना बात बढ़ गया कि पिता को जान गवानी पड़ी। फिलहाल मामले में बतौली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पत्नी भी पति के साथ गई अस्पताल

शराब के नशे में लड़ाई में पति ने अपनी जान तो गंवा दी लेकिन सवेरे जब पत्नी का नशा उतरा तो पति को उठाने का प्रयास की। पति के अचेत स्थिति को देख बेटे संग पति को बचाने अस्पताल पहुंची लेकिन तब तक पति की मौत हो चुकी थी।

### विवेचना जारी है

ग्राम कदनई में शराब के नशे में पति पत्नी के बीच मारपीट की सूचना मिली है जहां संदेह है की पत्नी के मारपीट से पति की जान गई है। घटना के संबंध में विवेचना जारी है जिसके बाद आवश्यक करवाई की जाएगी।

-राजेन्द्र मंडावी,
एसडीओपी सीतापुर

## लखनपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कई विषय के नहीं है टीचर

# शिक्षकों की कमी ने बढ़ाई छात्रों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर।

शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। योजनाओं का लाभ जिले के कुछ विद्यालयों के बच्चों का मिल रहा है परंतु जिले में कई ऐसे क्षेत्र है जहां विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से बच्चों के पढ़ाई पर भी इसका असर पड़ रहा है। कुछ इस तरह की स्थिति लखनपुर के सबसे पुराने कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की है जहां 500 से अधिक बच्चे अध्ययनरत है परंतु पर्याप्त शिक्षक नहीं है। ऐसे में विभिन्न विषयों में पढ़ाई कर रही छात्राओं की न सिर्फ पढ़ाई प्रभावित हो रही है बल्कि शिक्षक की कमी खल रही है। जनपद पंचायत लखनपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जो सबसे पुराना विद्यालय माना जाता है और लगभग वर्ष 1978 से संचालित यह विद्यालय पिछले लगभग 48 वर्षों से क्षेत्र में कन्या शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है, लेकिन आज भी यहां कई महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत हो चुकी है, फिर भी राजनीति विज्ञान, संस्कृत और गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों के लिए नियमित शिक्षक नहीं होने से छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल में पढाई करने वाले कई विद्यार्थी आज पढ़कर के शासन प्रशासनिक और राजनीति के क्षेत्र में अपना अलग पहचान बनाए हैं। बावजूद इसके आज विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक नही है जिसका खामियाजा स्कूल में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर के बाद लखनपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का स्थान द्वितीय है। परंतु शिक्षक की कमी के कारण अब विद्यालय का परीक्षा परिणाम का स्तर घटा है। पूर्व में पढ़ाई का स्तर अच्छा होने के कारण10 वीं, 12वी का रिजल्ट अच्छा होने से दूरदराज क्षेत्र के बच्चें स्कूल में पढ़ाई का इच्छा रखते थे और बच्चो के एडमिशन के लिए तांता लगा रहता था। वर्तमान में भी 6 से 7 सौ के लगभग बच्चे स्कूल में पढ़ाई कर रहे है। जिसमें मैनपाट, सलरा, लब्जी, कुनी, नवापारा के बच्चे शामिल है। कुछ बच्चे विद्यालय के समीप छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते है जबकि कई बच्चे रिश्तेदार के यहां रहकर पढ़ाई कर रहे है। परंतु विद्यालय में राजनीति विज्ञान, संस्कृत और गणित के शिक्षक नहीं होने के कारण अब विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

खबर संक्षेप



## निगम आयुक्त ने लिया सौदर्यीकरण का जायजा

**रायगढ़।** निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने शनिवार को शहर के फटहामुड़ा, मिट्ठूमुड़ा एवं छातामुड़ा क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था तथा विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने तथा नागरिक सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने फटहामुड़ा एवं मिट्ठूमुड़ा क्षेत्र में नियमित सफाई, नालियों की सफाई, कचरा संग्रहण तथा स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम को देखते हुए जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए नालियों की नियमित सफाई एवं स्वच्छता कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इसके पश्चात आयुक्त ने छातामुड़ा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने छातामुड़ा डिवाइडर निर्माण कार्य तथा आईएसबीटी परिसर में प्रगति पर चल रहे कार्यों का अवलोकन कर निर्माण की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं कार्य की गति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा शहर की स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं का बेहतर विकास निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे हों तथा नागरिकों को बेहतर एवं सुरक्षित अधोसंरचना उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। बरसात के मौसम को देखते हुए साफ सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 317 ग्रामीण लाभांवित

**रायगढ़।** तमनार ब्लॉक के खुरुसलेंगा में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजन किया गया। शिविर में ज्यादतर संधिवात, आमवात, चर्मरोग, ज्वर, कास, श्वास, प्रतिश्याय, उदररोग, दौरबल्य, अनिद्रा, उच्चरक्तचाप, मधुमेह, अर्श, स्त्रीरोग, इत्यादि के रोगी पाए गए। शिविर में 317 लोगों का आयुर्वेद पद्धति से उपचार किया गया वही 79लोगो का शुगर और हीमोग्लोबिन, सिकलिंग, ब्लड ग्रुप रक्त परीक्षण किया गया।

### एसएमडीसी में गांव से लेकर शहर तक पार्टी से जुड़े नेताओं को किया गया था शामिल

# शाला प्रबंधन समिति से नेताओं की छुट्टी, अब संभालेंगे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

- शासन के फरमान से नेताओं में नाराजगी, जुलाई में कमेटी का होगा गठन

शाला प्रबंधन समितियों से नेताओं की छुट्टी कर दी गई है। अब उन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के पालक ही इस कमेटी की जिम्मेदारी संभालेंगे। शासन के इस फरमान से नेताओं में नाराजगी देखी जा रही है। गांवों से लेकर शहरों में भी हर स्कूल में गठित कमेटी में नेताओं को बतौर अध्यक्ष शामिल किया गया था। इसके लिए बाकायदा आदेश हुआ था। अब इसमें पूरी तरह से बदलाव कर दिया गया है। इस कमेटी का गठन जुलाई के आखिरी तक करना है।

सरकारी स्कूलों में स्कूल संचालन और विकास की व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। अब स्कूलों में पूर्व में गठित स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति यानी एसएमडीसी के स्थान पर केवल स्कूल प्रबंधन समिति यानी एसएमसी का गठन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नई गाइडलाइन जारी कर दी है, जिसके तहत स्कूलों के प्रबंधन में अभिभावकों की भागीदारी को प्रमुखता दी गई है। इस समिति में 50 फीसदी महिला सदस्यों का होना अनिवार्य किया गया है।

इस नई व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में स्कूल खुलने के एक माह के भीतर स्कूल प्रबंधन समिति यानी एसएमसी का गठन करना अनिवार्य होगा। इस समिति में 75 प्रतिशत सदस्य उन अभिभावकों को बनाया जाएगा, जिनके बच्चे संबंधित स्कूल में अध्ययनरत हैं। समिति के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन भी इन्हीं पालक सदस्यों में से किया जाएगा। इसके तहत एक को अध्यक्ष तो वहीं दूसरे अभिभावक सदस्य को उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। गाइडलाइन के अनुसार समिति की कुल सदस्य संख्या में कम से कम 50 प्रतिशत महिलाओं का होना आवश्यक होगा। शेष 25 फीसदी सदस्यों में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, शिक्षाविद तथा अन्य संबंधित प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। समिति के गठन के बाद पहली बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित करनी होगी, जिसमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इसके बाद प्रत्येक माह कम से कम एक बैठक आयोजित करना अनिवार्य होगा। समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। किसी सदस्य को एक अतिरिक्त कार्यकाल के लिए पुनर्नियुक्त किया जा सकेगा, लेकिन कोई भी सदस्य लगातार दो कार्यकाल से अधिक पद पर नहीं रह सकेगा।




### दर्ज संख्या से तय होगी सदस्य संख्या

नई व्यवस्था में विद्यालय की छात्र संख्या के आधार पर समिति के सदस्यों की संख्या निर्धारित की गई है। जिसके तहत 100 तक छात्र संख्या वाले विद्यालयों में 12 से 15 सदस्य, 100 से 500 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों में 15 से 20 सदस्य, 500 से अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों में 20 से 25 सदस्य होंगे। शासन का मानना है कि नई व्यवस्था के लागू होने से सरकारी स्कूलों के प्रबंधन में अभिभावकों की सीधी भागीदारी बढ़ेगी और विद्यालयों की आवश्यकताओं तथा विकास कार्यों में स्थानीय स्तर पर अधिक जवाबदेही सुनिश्चित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 1 लाख तक करा सकते हैं निर्माण

विद्यालयों में एक लाख तक की लागत वाले निर्माण एवं मरम्मत कार्य समिति स्वयं या अन्य एजेंसियों के माध्यम से करा सकेगी। इसके तहत शौचालयों के निर्माण एवं मरम्मत, बिजली व्यवस्था, पंखों तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास पर कार्य किया जा सकेगा।

23 जून को शासन स्तर पर एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें बताया गया है कि इसमें कुछ आंशिक संशोधन करने को लेकर विचार हो रहा है। संशोधन आदेश मिलने के बाद प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

**श्यामानंद साहू, डीईओ**

## सड़क किनारे अचेत मिले बुजुर्ग की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बुजुर्ग साइकिल सवार सड़क किनारे गंभीर अवस्था में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से बुजुर्ग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चपले ले जाया गया। किंतु अस्पताल पहुंचने से पहले ही बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं पाए गए हैं। पूछताछ के दौरान ग्रामीणों ने मृतक की पहचान ग्राम बिलासपुर निवासी शंकर लाल साहू उर्फ कोदा के रूप में की। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बुजुर्ग की मौत किसी सड़क दुर्घटना, अचानक तबीयत बिगड़ने या अन्य किसी कारण से हुई है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। मामले में पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।



## 15 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने ग्राम बेलजोर में अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्रवाई की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अुनसार ग्राम बेलजोर निवासी अनंतराम भुईहर अपने मकान बाड़ी में अवैध रूप से हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बिक्री के लिए रखा हुआ था। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर शराब पी रहे कुछ लोग मौके से भाग निकले। मौके पर मौजूद व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अनंतराम भुईहर पिता लक्ष्मण भुईहर 62 वर्ष निवासी ग्राम बेलजोर बताया तथा अवैध महुआ शराब रखना एवं बिक्री करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद कर जब्त की गई है।

## तीन माह से लापता बालिका बरामद, भगाने वाला युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरा रोड थाना क्षेत्र निवासी नाबालिग बालिका को पुलिस ने तीन माह बरामद किया है। उसे बहलाफुसला कर भगा ले जाने वाले युवक को भी गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसर बीते 27 अप्रैल को बालिका के पिता ने कोतरारोड़ थाने में उनकी नाबालिग बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 25 अप्रैल की रात परिवार के सभी सदस्य घर में सोए हुए थे। जब वे देर रात लगभग 2 बजे उठे तब घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला तथा उनकी नाबालिग पुत्री घर में नहीं थी। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बालिका का पता नहीं चला। ऐसे में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 137(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। इसी बीच तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पहले बालिका के विशाखापट्टनम में होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम रवाना होने की तैयारी कर रही थी कि इसी बीच लोकेशन ओडिशा के संबलपुर में प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबलपुर के लिए रवाना हुई, लेकिन रास्ते में ही बालिका का लोकेशन पुनः बदल गया। लगातार तकनीकी निगरानी और सूचनाओं के आधार पर पुलिस टीम ने 26 जून को कोड़ातराई क्षेत्र में दबिश देकर नाबालिग बालिका को संदेही धीरज निराला उर्फ नानू 19 वर्ष के कब्जे से बरामद किया गया। बालिका ने अपने बयान में बताया कि आरोपी द्वारा शादी का प्रलोभन देकर विशाखापट्टनम और बाद में ओडिशा के संबलपुर ले जाया गया, जहां उसके साथ शारीरिक शोषण किया गया।

## रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य की फिर बढ़ी डेडलाइन, अब जुलाई तक टारगेट

**रायगढ़।** रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, लेकिन यह कार्य इतनी धीमी गति से चल रहा है कि फिर से इस कार्य को पूर्ण करने के लिए डेडलाइन बढ़ानी पड़ गई है। बताया जा रहा है कि अब 31 जुलाई तक इस कार्य को पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया है।

गौरतलब है कि रायगढ़ रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत चल रहे कार्यों में कई बार अधिकारियों के द्वारा अपने निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों को समय पर काम पूरा करने के लिए निर्देशित किया, लेकिन इसके बाद भी यह कार्य समय पर पूरा नहीं किया जा सका। बता दें कि इस कार्य को जून माह तक पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया था, किंतु तय समय में यह कार्य पूरा नहीं किया जा सका। स्थिति यह है कि अब भी कई तरह के कार्य बचे हुए हैं, जिसमें टिकट काउंटर का अब भी आधे से कार्य शेष है, इसी प्रकार यात्री प्रतिक्षालय भी आधा अधूरा है। साथ ही बाहरी सौंदर्यीकरण कार्य भी अधर में लटका हुआ है। मुख्य बात यह है कि इस परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों को काफी पहले ही समाप्त हो जाना चाहिए था, लेकिन यहां काफी धीमी गति से कार्य चल रहे हैं। जिसकी वजह से अब तक कई तरह के कार्य आधे अधूरे हैं। कार्यो की धीमी गति को देखते हुए ही कई बार कार्य पूर्ण करने की डेडलाइन कई बार बढ़ाई गई, किंतु इसके बाद भी ठेकेदार तय समय पर काम पूरा नहीं कर सका। ऐसी स्थिति में फिर से डेडलाइन बढ़ाई गई। इस संबंध में गति शक्ति प्रोजेक्ट के अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि जून माह तक यह कार्य पूरा करना था, लेकिन कई बचे हुए कार्यों को देखते हुए 31 जुलाई तक सभी कार्य पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया गया है।



## चोरी की दो मोटर साइकिल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बरमकेला।** बरमकेला पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की दो मोटर साइकिल बरामद की गई हैं। चोरी के बाद पड़ोसी राज्य ओड़िशा के कंधमाल जिले के एक बीहड़ और दुर्गम गांव में छिपाकर रखा था। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में बरमकेला पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी तथा पुराने चोरी के मामलों की भी गंभीरता से जांच की जा रही थी। इसी दौरान थाना बरमकेला में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही चक्रधर सिदार, पिता स्वर्गीय घुरऊ सिदार, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम कटंगपाली ब थाना बरमकेला को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

## दुलदुला में सिकल सेल के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के द्वारा विगत दिवस 27 जून (शनिवार) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला में सिकल सेल संगवारी टीम द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सिकल सेल विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला से बीएमओ डॉ. अंजली निराला, सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ. दीपिका, बीपीएम स्वर्णलता तथा संगवारी टीम से डॉ. बैद्यनाथ देवनाथ, डॉ. गीत, सिकल सेल ट्रेनर (एडवाइजरी) नेहा जशपुर संगवारी टीम से जिला समन्वयक ज्योतिरादित्य सिंह, जानवी ठाकुर एवं सहायक जिला समन्वयक विक्रम प्रमाणिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में कुल 40 स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया, जिनमें 5 चिकित्सक, 2 लैब टेक्नीशियन, 2 फार्मासिस्ट, 14 सीएचओ, 12 स्टाफ नर्स, 1 सुपरवाइजर, 1 काउंसलर तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे। प्रशिक्षण के दौरान सिकल सेल रोग की पहचान, जांच, उपचार, परामर्श, प्रबंधन एवं रोकथाम से संबंधित जानकारी सरल एवं व्यावहारिक तरीके से दी गई। साथ ही प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया और उनके सुझाव भी प्राप्त किए गए। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता दिखाई तथा इस प्रकार के प्रशिक्षण को अपने दैनिक कार्य में उपयोगी बताया।



**घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के छर्राटांगर के डोकरबुड़ा गांव का मामला**

# रिहायशी इलाके में घुसे गजराज ग्रामीणों की भीड़ में घंटों फंसे रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा वन क्षेत्र अंतर्गत छर्राटांगर के डोकराबुड़ा गांव में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब दो गजराज जंगल से अचानक रिहायशी इलाके में पहुंच गए। हाथियों के गांव में प्रवेश करने की खबर से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। उत्सुकता और भय के कारण लोग हाथियों को देखने के लिए आसपास जमा हो गए, जिससे दोनों वन्यजीव चारों ओर से घिर गए और गांव तथा खेत-खलिहानों के बीच घंटों फंसे रहे। इस दौरान कई ग्रामीण तरह तरह की तेज आवाजों के साथ हाथियों को डराते भी नजर आ रहे थे। हालांकि जिस तरह से ग्रामीणों द्वारा हाथियों को दौड़ाया जा रहा है वह खतरे से खाली नहीं है। ऐसे करते वक्त यदि हाथी गुस्सा गए और लोगों की ओर दौड़ने लगे तो परेशानी बढ़ सकती थी।

हाथी सुरक्षित रास्ता तलाशते हुए गांव से बाहर निकलने की कोशिश करते रहे, लेकिन चारों ओर मौजूद भीड़, शोर-शराबा और लोगों की लगातार आवाजाही के कारण वे असमंजस की स्थिति में इधर-उधर भटकते रहे। इस दौरान हाथियों के उत्तेजित होने और किसी भी समय अप्रिय घटना घटने की आशंका बनी रही, जिससे ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में भय का वातावरण बन गया था। कई लोगों ने एहतियातन अपने बच्चों और मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, जबकि खेतों की ओर जाने वाले लोगों ने भी आवाजाही सीमित कर दी गई। हाथियों के व्यवहार को देखते हुए गांव में लंबे समय तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। इधर इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। वन अमले ने सबसे पहले ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और भीड़ नहीं लगाने की समझाइश दी।



### हो सकते थे आक्रामक

ग्रामीणों की इस हरकतों की वजह से हाथियों के आक्रामक होने की आशंका बनी हुई थी। वन विभाग की टीम ने भीड़ को नियंत्रित कर हाथियों के लिए सुरक्षित मार्ग तैयार करने का प्रयास किया, ताकि उन्हें बिना किसी तनाव के वापस जंगल की ओर भेजा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ समय से घरघोड़ा और उससे लगे वनांचल क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। भोजन और पानी की तलाश में हाथियों का आबादी वाले क्षेत्रों की ओर रुख करना अब आम बात होती जा रही है। इससे पहले भी कई गांवों में हाथियों के पहुंचने, फसलों को नुकसान पहुंचाने और मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

## शाउमावि चांदमारी में उन्मुखीकरण क्षमतावर्धन के लिए बैठक

**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में चांदमारी परिसर अंतर्गत तीनों शालाओं शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ के समस्त शिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ की बैठक प्रभारी प्राचार्य भरत लाल नामदेव की अध्यक्षता में भारत माता के जयघोष के साथ प्रारंभ हुआ। यह बैठक शिक्षकों एवं स्टाफ के उन्मुखीकरण एवं उनकी क्षमतावर्धन हेतु रखा गया था।

बैठक में प्राचार्य भरत लाल नामदेव ने विगत सप्ताह हुई बैठक बिंदुओं के क्रियान्वयन पालन की समीक्षा करते हुए सीजीवीएस के एप में प्रतिदिन आनलाइन अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराने, विद्यार्थी विवरण, अवकाश विवरण, शिक्षक रिपोर्ट, ड्यूटी रिपोर्ट आदि की प्रविष्टि सुनिश्चित करने और दृढ़ता से उसके पालन करने हेतु निर्देशित किया। संकुल शैक्षिक समन्वयक सन्नी खाण्डे ने बाल सदन के गठन एवं कार्य विभाजन बिंदु पर सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात प्राचार्य के निर्देश अनुसार प्रधान पाठक शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ डॉ.मनीषा त्रिपाठी ने बैठक में अन्य बिंदुओं यथा नवीन शाला प्रबंधन एवं विकास समिति गठन, शालेय पंजियों का संधारण एवं रख रखाव, कक्षा सजावट करना, शिक्षकों द्वारा सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण, कक्षा कक्ष में गणित एवं विज्ञान का कोना स्थापित करने, पुस्तकालय हेतु समय सारिणी में आवश्यक रूप से कालखंड होने एवं पुस्तकालय की पुस्तकों को विद्यार्थियों को वितरित कर स्व अध्ययन हेतु प्रेरित करने, बाल श्रम निषेध का पूर्णतया पालन करने, माध्यमिक खंड के मध्यान्ह भोजन मीनू का दीवार पर प्रदर्शन करने, सहयोगी स्टाफ स्वीपर, रसोइया को प्राचार्य को लिखित आवेदन देकर अवकाश पर जाने एवं अवकाश की प्रविष्टि पंजी में करने समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।



**पृष्ठ 1 का शेष**

### धोखाधड़ी कर जमीन ...

माध्यम से अशोक कुमार अग्रवाल के नाम बेच दी थी। नामांतरण आदेश पारित होने से दो दिन पहले, 13 जुलाई 2022 को बंशीधर ने उसी भूमि का एक हिस्सा अपने छोटे भाई लीलाधर के नाम विक्रय कर दिया। इससे राजस्व रिकॉर्ड में गड़बड़ी पैदा हुई और वारिसों के नाम पूरा नामांतरण नहीं हो सका। जांच में यह भी सामने आया कि वर्ष 2010 में ही खसरा नंबर 49/4 की शेष 0.429 हेक्टेयर भूमि भगवानों राम यादव को भी बेची जा चुकी थी, जिसका नामांतरण होकर नया खसरा नंबर 49/7 दर्ज हो गया था। आरोप है कि बाद में आरोपियों ने तहसील न्यायालय में त्रुटि सुधार का आवेदन देकर भगवान राम यादव को पक्षकार बनाए बिना और उन्हें सुनवाई का अवसर दिए बिना न्यायालय को गुमराह किया। कथित रूप से झूठे दस्तावेजों के आधार पर खसरा नंबर 49/7 को समाप्त कराकर भूमि को फिर से मूल खसरा नंबर 49/4 में जोड़वा लिया गया।

